
# गुरूकुल महिला महाविद्यालय

गुरूकुल परिसर, कालीबाड़ी रोड़, रायपुर (छ.ग.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना






# वार्षिकगतिविधियाँ

## वर्ष 2019—20



**श्रीमतीरात्रि लहरी**
कार्यक्रमअधिकारी, रासेयो
गुरुकुलमहिलामहाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

**स्थान : गुरुकुल परिसर**
**दिनॉक : 13/04/2019**
**विषय : मतदाता जागरुकता कार्यक्रम (लोक सभा)**











राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय


स्वीप कार्यक्रम
लोकसभा निर्वाचन - 2019
जिला रायपुर
“संकल्प मतदान का”
हस्ताक्षर अभियान



स्थान : महाविद्यालय परिसर, रायपुर
दिनॉक : 30/04/2019
विषय : प्राण योग विद्या (मेडिटेशन कार्यक्रम)








स्थान : होटल हयात रायपुर
दिनॉक : 30/04/2019
विषय : मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम








Break The Silence
Don't Hesitate
Take Pride
Be Supportive
It's About Her Health
Maintain Hygiene
Let's Talk Period


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
unicef
for every child
#MHDay2019
माहवारी
महोत्सव
#LetsTalkPeriod
पैड का उपयोग
बेटियां रहे निरोग
28 May
MENSTRUAL
HYGIENE DAY
UNICEFIndia


unicef
for every child
#MHDay2019
माहवारी
महोत्सव
#LetsTalkPeriod
बहनों का रखें
ख्याल
28 May
MENSTRUAL
HYGIENE DAY
UNICEFIndia


unicef
for every child



स्थान : गुरुकुल परिसर / पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर / बी.टी.आई. ग्राउण्ड
दिनॉक : 21/06/2019
विषय : अंतराष्ट्रीय योग दिवस










अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून, 2019
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
















World Record Attempt
करें योग, रहे निरोग
avinash
sjain
Vedanta
करें योग, रहे निरोग
प्रयास
Lokesh Jain
करें योग, रहे निरोग
Free
प्रयास
Lokesh Jain
YASH
COMMITTED T





स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनॉक : 23 से 29/07/2019
विषय : जल शक्ति अभियान – विभिन्न कार्यक्रम












जल है तो कल है






राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना


SAVE WATER


जल शक्ति अभियान
सचय जल, बेहतर कल
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरूकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर
जल शक्ति अभियान


जल शक्ति अभियान
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरूकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर


जल शक्ति अभियान
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरूकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर
जल शक्ति अभियान


जल शक्ति अभियान
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर
जल शक्ति अभियान




जल शक्ति अभियान
राष्ट्रीय सेवा योजना

स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनाँक : 20/07/2019
विषय : भारत विकास परिषद द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता










Women
Hygiene
"Because you are the
hallmark of cleanliness
& good health"
जल ही जीवन है
जल सरक्षण करें
पानी के हर बूंद की रक्षा
भारत विकास परिषद, रायपुर मुख्य शाखा


राष्ट्रीय सेवा योजना

स्थान : आमापारा से रविशंकर
दिनॉक : 11/08/2019
विषय : तिरंगा मेला – मानव श्रृंखला रैली











स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनॉक : 1 – 15/08/2019
विषय : स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन








राष्ट्रीय
गुरुकुल
अभियान








LIFE

स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनॉक : 15/08/2019
विषय : 15 अगस्त 2019





**स्थान : गुरुकुल परिसर**
**दिनॉक : 20/08/2019**
**विषय : सदभावना दिवस पर वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम**












राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर
वृक्षारोपण कार्यक्रम





स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनॉक : 29/08/2019
विषय : फिट इंडिया– 2019










योजना
महाविद्यालय
कार्यक्रम

स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनॉक : 29/08/2019
विषय : विधिक साक्षरता दिवस







स्थान : रंग मंदिर
दिनॉक : 30/08/2019
विषय : प्रथम वर्ष के छात्राओं का स्वागत समारोह










स्थान : रंग मंदिर
दिनॉक : 05/09/2019
विषय : शिक्षक दिवस कार्यक्रम











स्थान : शासकीय प्राथमिक शाला, तेलीबांधा स्कुल
दिनॉक : 16/09/2019
विषय : वृक्षारोपण कार्यक्रम








**स्थान : गुरुकुल परिसर**
**दिनॉक : 18/09/2019**
**विषय : हिन्दी दिवस कार्यक्रम**












स्थान : दीन दयाल आडिटोरियम
दिनॉक : 23 एवं 24/09/2019
विषय : राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस कार्यक्रम









**स्थान : मरीन ड्राइव, तेलीबांधा**
**दिनॉक : 27/09/2019**
**विषय : लीड फाउडेंशन पृथ्वी बचाव मार्च**













स्थान : शहीद भगत सिंह चौक
दिनॉक : 29/09/2019
विषय : NH Walkthan









स्थान : ग्राम – बोरियाकला, शासकीय माध्यमिक शाला, रायपुर (छ.ग.)
दिनॉक : 01 – 30/09/2019
विषय : पोषण आहार जागरुकता कार्यक्रम












.सचिव-कक्ष.
कम्प्युटर-कक्ष.
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय
कालीबाड़ी, रायपुर
पोषण – अभियान

**स्थान : गुरुकुल परिसर**
**दिनाँक : 01/10/2019**
**विषय : प्लास्टिक फ्री बनाने, संकल्प दिवस एवं सिंगल युज पॉलीथीन पर जागरुकता**








स्थान : विभिन्न स्कुल, लालपुर
दिनॉक : 01/10/2019
विषय : स्वयंसेवको द्वारा विभिन्न स्कूलों में संकल्प दिलाया गया, प्लास्टिक फ्री बनाने









स्थान : नरैया गार्डन, रायपुर
दिनॉक : 02/10/2019
विषय : गांधी जंयती पर स्वच्छता अभियान











स्थान : बुढ़ा तालाब
दिनॉक : 09/11/2019
विषय : ग्रीन आर्मी रायपुर के संयुक्त आयोजन – जल संवर्धन हेतु जागरुकता रैली









स्थान : महाविद्यालय परिसर
दिनॉक : 21/11/2019
विषय : स्वैच्छिक रक्तदान, रक्त परीक्षण एवं निःशुल्क नेत्र परीक्षण











गणेश विनायक फाउंडेशन
श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल




श्री गणेश विनायक आई

स्थान : दीनदयाल ऑडीटोरियम, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर
दिनॉक : 20/11/2019
विषय : विश्व बाल दिवस (युनिसेफ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में)










स्थान : कला भवन सेमीनार,पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
दिनॉक : 12/01/2020
विषय : स्वामी विवेकानंद जंयती










राष्ट्रीय - युवा - दिवस


राष्ट्रीय - युवा - दिवस
रविवार 12 जनवरी, प्रातः 9:00 बजे
2020/1/12 11:53

स्थान : प्रबंध संस्थान का सेमीनार हाल, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
दिनॉक : 07 से 09/12/2019
विषय : डिजिटल मीडिया एवं यू–रिपोर्ट वर्कशॉप कार्यशाला












स्थान : साइंस कालेज मैदान, रायपुर
दिनॉक : 27 से 29/12/2019
विषय : राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव









**स्थान : साइंस कालेज मैदान, रायपुर**
**दिनॉक : 12से 14/01/2020**
**विषय : राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2020**













आपका
हार्दिक स्वागत!
करता है
बुकिंग हेतु संपर्क करें :-
6265077750
कोरबा


BILASPUR

स्थान : ऑडिटोरियम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
दिनॉक : 25/01/2020
विषय : राष्ट्रीय मतदाता दिवस











स्थान : गुरुकुल परिसर
दिनाँक : 26/01/2020
विषय : गणतंत्र दिवस



स्थान : मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
दिनॉक : 15/02/2020
विषय : ट्रैफिक रैली (राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह)









# राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियाँ

## गुरुकुल महिला महाविद्यालय में रक्तदान सप्ताह का आयोजन




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान सप्ताह 1से 7 अक्टूबर तक मनाया गया। गुरुकुल महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । 7 अक्टूबर को इस महा रैली का आयोजन नगर पालिका नगर निगम गार्डन से जनसंपर्क कार्यालय, गवर्नमेंट स्कूल, फायर ब्रिगेड चौक ,प्रेस क्लब होते हुए महिला थाना ,नगर निगम गार्डन में समाप्त हुआ। रैली का शुभारंभ अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉक्टर एल के विझतार, संयुक्त संचालक ,आईपीसी महेंद्र कुमार बघेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य संचालक श्रीमती रानू साहू ने बताया कि रक्तदान जागरूकता के लिए रेड रिबन क्लब ,राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना ,राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं स्कूल और कॉलेज के करीब 1000 छात्र छात्राओं ने इस रैली मे हिस्सा लिया।



## पृथ्वी बचाओ मार्च में एक दर्जन से अधिक संस्थाओं ने लिया हिस्सा

### पर्यावरण बचाओ-धरती बचाओ के नारों से गूंजा मरीन ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

पर्यावरण संरक्षण के तहत शुक्रवार को लीड फॉउंडेशन की ओर से ग्रेटा थनबर्ग की पृथ्वी बचाओ मुहिम में मानवीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करने मरीन ड्राइव आनंद नगर चौक से तेलीबांधा तालाब तक पृथ्वी बचाओ मार्च छत्तीसगढ़ के एक दर्जन से अधिक संगठनों द्वारा निकाला गया।

- रैली के बाद सभी ने दिया आधे घंटे तक धरना

हसदेव-अरण्य बचाओ समिति, कोरबा से आए कार्यकर्ताओं केंद्र, विमला पाल आदि ने कोयला खदानों को निरस्त करने की मांग करते हुए रैली में हिस्सा लिया। तेलीबांधा में रैली के बाद सभी ने आधे घंटे तक धरना दिया। आज क्लाइमेट स्ट्राइक दुनिया के 160 देशों के लगभग 3 हजार शहरों में स्वीडिश संस्था फ्राइडे फॉर फ्यूचर के आव्हान पर किया गया। पूरी दुनिया के लोग ग्रेटा थनबर्ग के साथ खड़े हैं। दुनिया को वापस प्राकृतिक तौर पर बेहतर बनाने के लिए ग्रेटा ने 20 से 27 सितंबर तक पूरी दुनिया के छात्र-छात्राओं से अपील की है कि अपने आने वाले भविष्य को बचाने के लिए सड़कों पर उतरा जाए और नष्ट होती प्रकृति को बचाने की शुरुआत अभी से ही करने समस्त देशों के राष्ट्राध्यक्षों पर दबाव डाला जाए।

**खास**

- मरीन ड्राइव आनंद नगर चौक से तेलीबांधा तालाब तक निकाला गया मार्च



**ये रहे शामिल**

इस मार्च में गुरुकुल कॉलेज, दुर्गा कॉलेज की हर्षिता तिवारी, [illegible] अग्रवाल, विद्यार्थियों के अतिरिक्त आज कारवां छत्तीसगढ़ से [illegible] त्रिवेदी, कथाकार से सौरभ आचार्य, [illegible] मंच से अंकित झा, शुभ ठाकुर, रचना झा, [illegible] फॉर पब्लिक रिसर्च से उमाप्रकाश ओझा, जीतेन्द्र [illegible], [illegible] छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ से [illegible] ठाकुर, [illegible] आदि ने हिस्सा लिया।

## नरैया तालाब को साफ किया और नो पॉलिथीन की ली शपथ

रायपुर ● राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा कॉलेज, गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज के ने नरैया गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया और नो प्लास्टिक पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। बतौर अतिथि मेयर प्रमोद दुबे और बॉलीवुड सिंगर सुमेधा कर्महे शामिल हुए। सुमेधा ने मोर रायपुर स्वच्छ रायपुर, तू नज्म-नज्म सा... और नए एल्बम के गाने गाए। दोनों ने स्वयंसेवकों के साथ गार्डन व तालाब के आसपास की सफाई की और नो पॉलीथिन पर शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चनसौरिया, स्वप्निल कर्महे, रात्रि लहरी, सना खाकसार उपस्थित थे।







# छत्तीसगढ़ी परिधान में दिखे युवा, महुवा झरे... में सब झूमे




रायपुर। संयुक्त राष्ट्र बालाधिकार महासभा के गठन के 30 वर्ष पूर्ण होने पर यूनिसेफ और एनएसएस की ओर से विश्व बाल दिवस के अवसर पर बाल उत्सव का आयोजन किया गया था। प्रदेशभर के स्कूलों से छात्र पहुंचे हुए थे। बच्चों के अधिकारों व चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, बच्चों की भलाई से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ साझा किए जाएं। उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने बच्चों को दुर्व्यवहार, उत्पीड़न से बचाने जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।







### राजकीय गीत से हुई शुरुआत



# ड्रामे में गर्ल्स ने बताया- बच्चे अगर मुसीबत में हों तो डॉयल करें 1098

## डीडीयू ऑडिटोरियम में मनाया विश्व बाल दिवस

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

रायपुर ● स्कूल जा रही छात्रा को एक लड़का कहता है कि चलो गाड़ी में बैठो मैं छोड़ देता हूं। छात्रा पूछती है आप कौन? मैं तुम्हारा पड़ोसी, लड़का जवाब देता है। छात्रा विरोध करती है और लड़का जबरदस्ती। युवती रोने लगती है। राहगीर वजह पूछते हैं। वह पूरी बात बताती है और लड़के को पुलिस के हवाले किया जाता है। प्ले के जरिए बताया गया कि बच्चों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098 है। जब भी किसी दिक्कत में हो तो कॉल करें। यह नाटक बुधवार को विश्व बाल दिवस के मौके पर युनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज गर्ल्स ने प्रस्तुत किया। संयुक्त राष्ट्र बालाधिकार महासभा के गठन के 30 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में हेल्थ मिनिस्टर टीएस सिंहदेव और हायर एजुकेशन मिनिस्टर उमेश पटेल भी शामिल थे।

### मंजुल भारद्वाज से सीखा

गर्ल्स ने बताया कि हमने एक्टिंग मुंबई से आए रंगकर्मी मंजुल भारद्वाज से सीखी थी। 4 दिन की वर्कशॉप में हमने स्टेज फियर दूर करने और अभिनय से अपनी बात रखने का गुर सीखा।



### ये हैं चार मौलिक बाल अधिकार

■ जीने का अधिकार ■ सुरक्षा का अधिकार ■ विकास का अधिकार ■ सहभागिता का अधिकार

### इन्होंने किया प्ले

आयुषि वर्मा, सोनिका महोबिया, हेमलता साहू, यमिनी सिन्हा, दीक्षा यादव, जानकी देवांगन, वंदना सिन्हा, दामिनी देवांगन, दीपा धनगर, गौरव मिश्रा, पूनम मिश्रा, दुर्गा साहू, प्रतीक्षा पांडे, राजलक्ष्मी, लक्ष्मी कौशिक, काजल साहू।

### महासमुंद और धमतरी से भी आए

कार्यक्रम में महासमुंद और धमतरी से आए छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राज्य गीत अरपा पैरी के धार... से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद लोक गीतों में नृत्य का सिलसिला शुरू हुआ। छात्रों ने खास गेटअप के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न तीज-त्योहारों में गाए जाने वाले गानों में प्रस्तुति दी।





नवभारत

www.navabharat.org


सिटी-टुडे



# पंडवानी, बारहमासी गीत में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

**विश्व बाल दिवस** बदहाल स्वास्थ्य सेवा से स्वास्थ्य मंत्री रुष्ट

प्रतिभागियों ने बाल अधिकार और उससे जुड़े कानूनों को जाना

नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.



बदहाल स्वास्थ्य सेवा पर स्वास्थ्य मंत्री नाराज

## दीनदयाल ऑडिटोरियम में यूनिसेफ और एनएसएस का बाल दिवस का आयोजन

# बस्तरिया पोशाक ने मोहा मन, अरपा पैरी के धार... पर थिरके दर्शक

रायपुर लाईवइंडिया प्रतिनिधि



**सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ, कर्मा, ददरिया, राउत नाचा समेत बस्तरिया नृत्य की प्रस्तुति**

### छत्तीसगढ़ी गीत महुवा झरे... पर झूमे बच्चे



# दो कॉलेज, 12 संस्थाओं ने निकाला पृथ्वी बचाओ मार्च

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

पर्यावरण संरक्षण के तहत स्वीडन की जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग की मुहिम पर पूरा विश्व आज उनके साथ खड़ा है। ग्लोबल संस्था फ्राइडे फार फ्यूचर के आह्वान पर दुनिया के 139 देशों के करीब तीन हजार शहरों में क्लाइमेट स्ट्राइक किया गया।

इसी के मद्देनजर राजधानी में भी पृथ्वी बचाओ मार्च निकाला गया। इसमें दो कॉलेज और एक दर्जन से अधिक संस्थाओं के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मार्च मरीन ड्राइव स्थित आनंद चौक से तेलीबांधा तालाब तक निकाला। जलवायु बचाने के लिए जमकर नारेबाजी हुई। रैली में कॉलेज स्टूडेंट्स भी शामिल थे। सभी हाथों में तख्तियां लिए दुनिया के शासकों होश में आओ, धरती बचाओ, धरती बचाओ के नारे लगा रहे थे। वहीं कोलया खदानों को निरस्त करने की मांग करते हुएं प्रदर्शन भी किया गया।

गौरतलब है कि बीते दिनों स्वीडिश पार्लियामेंट के बाहर एक 15 साल की बच्ची ग्रेटा थनबर्ग ने अकेले पर्यावरण बचाने के खिलाफ धरना दिया था। इसके बाद हर शुक्रवार को अकेले पार्लियामेंट के बाहर धरना देती रही। धीरे-धीरे उसके सहपाठी और मित्र उसके साथ बैठने लगे।

### ये रहे शामिल

पृथ्वी बचाओ मार्च में गुरुकुल और दुर्गा कॉलेज के साथ छत्तीसगढ़ कारवां, कथाकार, अग्निशिखा मंच, सोसायटी फॉर पालिसी रिसर्च, छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ, ग्रीन आर्मी, अरण्य बचाओ समिति समेत दर्जन भर से ज्यादा संस्थाएं शामिल रहीं।



धरती बचाओ का पोस्टर लिए मार्च में शामिल हुए विद्यार्थी।

# बूंद-बूंद पानी...संरक्षित करें तो बच सकती है जिंदगानी



रायपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी में मानव संसाधन विभाग व जल संसाधन विभाग के तत्वावधान में जल संचय, जल संवर्धन और जल संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरार कार्यक्रम में बतौर व्याख्याता के रूप में विज्ञान के प्रोफेसर विपिन दुबे व जेसीआई स्टार के अध्यक्ष गौतम झा मौजूद रहे। इस अवसर पर व्याख्याताओं ने वाटर हार्वेस्टिंग, कंजर्वेशन, बरसात के पानी को किस तरह बचाया जाए इस पर व्याख्यान दिया। अतिथियों ने कहा कि हमारे देश में बहुत तेजी से जल संकट गहरा रहा है। इसका कारण जल संरक्षण नहीं करना है। साथ ही भूमिगत जल का अधिक दोहन होने की वजह से जल संकट की समस्या में दिनो-दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। आने वाले समय में यह कमी इंसान को बूंद-बूंद जल के लिए तरसा देगी। साथ ही मानव जीवन में जल का महत्व क्या है, कैसे जल का संरक्षण किया जाए इसकी जानकारी प्रदान की। इस दौरान मौजूद छात्राओं ने नारा और पोस्टर के माध्यम से जल कैसे बचाएं इसका संदेश दी।

# पानी की एक-एक बूंद कीमती, नहीं सहेजा तो कल पछताना पड़ेगा



रायपुर ◆ राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जल संचय, जल संवर्धन और जल संरक्षण के लिए जल जागरुकता पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी के अंतर्गत विपिन दुबे और गौतम झा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर कंजर्वेशन, बरसात के पानी को किस तरह बचाने की तकनीकी जानकारी दी। कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है, आज अगर नहीं सहेजा तो सिवाए पछतावे के कुछ नहीं होगा। उन्होंने बताया कि हमारे देश भारत में बहुत तेजी से जल संकट गहरा रहा है उसका मुख्य कारण जल संरक्षण नहीं करना है और भूमिगत जल का अधिक दोहन करना है किसके कारण जल की कमी हो गई है । साथ ही मानव जीवन में जल का महत्व क्या है कैसे जल का संरक्षण किया जाए इसकी जानकारी दी। छात्राओं द्वारा भी नारा एवं पोस्टर के माध्यम से जल कैसे बचाएं एवं जल संरक्षण के बारे में संदेश दिया। इस कार्यक्रम में जेसीआई से आई टीम, प्राध्यापक व छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी, अंशिका दुबे और सना खाकसर के मार्गदर्शन में हुआ।

17/09/19 दैनिक नवभारत

## फास्ट फारवर्ड

# गुरुकुल महिला कॉलेज की रासेयो इकाई ने पौधारोपण किया

**रायपुर.** गुरुकुल महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, तेलीबांधा में पौधारोपण किया गया. स्वयं सेवकों एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए. कॉलेज के स्वयं सेवकों द्वारा छात्राओं को बताया गया कि पेड़ का हमारे जीवन में क्या महत्व है, हमें पेड़ क्यों लगाना चाहिए. साथ ही यह भी कहा कि पेड़ लगाने के साथ उसकी सुरक्षा भी जरूरी है. छात्राओं ने पेड़ को सुरक्षित रखने की शपथ ली. वहां उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं को पेड़ उपहार स्वरूप वितरित किये गए.

22/11/19

# गुरुकुल कॉलेज में रक्तदान नि:शुल्क नेत्र शिविर



नवभारत रिपोर्टर | रायपुर.
www.navabharat.org

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरुकुल महिला कॉलेज में रक्तदान एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. बिलासा ब्लड बैंक से आई टीम डॉ. अविलोकित साहू, आसिम कुमार, सीमा खंडेलवाल, मधुसूदन शर्मा, योगिता, गीतांजलि सिन्हा, सोनिया, दयाशंकर चौधरी, जितेंद्र नायक द्वारा रक्तदान करने से पहले छात्राओं को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया. छात्राओं ने हिमोग्लोबिन टेस्ट के बाद रक्तदान किया. सबसे ज्यादा उत्साह प्रथम वर्ष की छात्राओं में देखने को मिला, जिन्होंने रक्तदान किया उनको सर्टिफिकेट और मोमेंटो दिया गया. इसके साथ ही श्री गणेश विनायक हॉस्पिटल से आई हुई टीम दीपक साहू, अमित द्विवेदी एवं राधिका द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया. इस शिविर में छात्राओं के साथ प्राध्यापक, ऑफिस स्टाफ, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं एवं ग्रीन आर्मी सदस्य आशीष शर्मा शामिल हुए. शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी एवं स्वयंसेवक स्नेहा, पूर्णिमा जोशी, पूनम मिश्रा के सहयोग से किया गया.

**शिविर**

- **प्रथम वर्ष की छात्राओं में दिखा उत्साह**
- **सर्टिफिकेट के साथ मोमेंटो भी दिया गया**

---

22/11/19

# रक्तदान और नेत्र जांच शिविर

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



रायपुर ● राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी में रक्तदान एवं निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर ब्लड बैंक से आए डॉक्टर अविलोकित साहू, आसिम कुमार, सीमा खंडेलवाल, मधुसूदन शर्मा, योगिता, गीतांजलि सिन्हा सोनिया दिवस, दयाशंकर चौधरी, जितेंद्र नायक ने रक्तदान करने से पहले छात्राओं को रक्तदान के फायदे बताए। रक्तदान से हम क्या-क्या बीमारियों से बच सकते हैं और हमारे शरीर को क्या फायदा हो सकता है की जानकारी दी। जिससे छात्राएं रक्तदान करने के लिए आगे आईं छात्राओं ने हिमोग्लोबिन टेस्ट के बाद रक्तदान किया। सबसे ज्यादा उत्साह प्रथम वर्ष की छात्राओं में देखने को मिला जिन्होंने रक्तदान किया उनको सर्टिफिकेट और मोमेंटो दिया गया। इसके साथ ही हॉस्पिटल से आई हुई टीम दीपक साहू, अमित द्विवेदी, एवं राधिका के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच परीक्षण किया गया। इस शिविर में छात्राओं के साथ प्राध्यापक, ऑफिस स्टाफ, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं एवं ग्रीन आर्मी सदस्य आशीष शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी, स्वयंसेवक स्नेहा, पूर्णिमा जोशी, पूनम मिश्रा का सहयोग रहा।

---

# रक्तदान और नेत्र परीक्षण कर जागरूकता का दिया संदेश

22/11/19

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

कालीबाड़ी स्थित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान और फ्री नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी ने बताया कि शिविर की शुरुआत सबसे पहले जागरूकता अभियान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को रक्तदान करने के फायदे के साथ किन बीमारियों से बचा जा सकता है, इसकी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इसके बाद रक्तदान और नेत्र जांच परीक्षण हुआ। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर बिलासा ब्लड बैंक से डॉ. अविलोकित साहू, सीमा खंडेलवाल, मधुसूदन समेत उनकी टीम उपस्थित रही। वहीं श्री गणेश विनायक हॉस्पिटल से दीपक साहू, अमित द्विवेदी और राधिका द्वारा मुफ्त नेत्र जांच परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में स्नेहा, पूर्णिमा जोशी और पूनम मिश्रा समेत बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और प्रोफेसर उपस्थित रहे।



रक्तदान करने का संदेश देतीं छात्राएं। ● संस्था

10/11/2019

# बूढ़ातालाब पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश




**पत्रिका PLUS रिपोर्टर**

रायपुर • स्वच्छ शहर रखना हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए हर एक नागरिक को ध्यान देने की आवश्यकता है इसी को देखते हुए शहर की ग्रीन आर्मी संस्था ने सरोवर-धरोहर नामक कार्यक्रम किया जिसमें बूढ़ातालाब को साफ किया और शहर को स्वच्छ रखने की शपथ ली गई। आयोजन में 30 स्कूल व 15 कॉलेजों के स्टूडेंट एवं ग्रीन आर्मी संस्था के सदस्य शामिल हुए।

तालाब परिसर क्षेत्र में एक 15 मिनट की मानव श्रृंखला बनाकर सरोवर-धरोहर का संदेश दिया। इस कार्य हेतु दीपावली के पूर्व हीं स्कूलों व कालेजों का चयन कर उनके 50-50 बच्चों को लिया गया था। इस कार्य में सहयोग हेतु प्रत्येक स्कूल कॉलेज से प्रभारी उपस्थित थे।



सम्पूर्ण मानव श्रृंखला हेतु दानी स्कूल क्षेत्र से दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर, धरना स्थल होते हुए बूढा गार्डन गेट, किले वाले बाबा से आगे ब्रम्हपुरी, कैलाशपुरी पुलिया से मरवाडी श्मशान के सामने का क्षेत्र से नेहरू नगर चैक तक मानव श्रृंखला से घेरा गया था।

# मानव श्रृंखला बनाकर पानी बचाने को किया जागरूक



10/11/19

बूढ़ातालाब के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर पानी को बचाने के लिए जागरूक किया गया।

**रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि.**

दिल्ली और हरियाणा जैसे कई बड़े शहर प्रदूषण की चपेट में गए हैं। देश में लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इसे देखते हुए तमाम संगठनों के लोग एक मंच पर नजर आ रहे हैं। स्कूल-कॉलेज समेत अन्य संगठन पर्यावरण को लेकर एकजुट हो रहे हैं। शनिवार की सुबह बूढ़ातालाब के पास ग्रीन आर्मी के नेतृत्व में करीब 3000 लोग इकट्ठा हुए, 15 मिनट तक मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया।

ग्रीन आर्मी के संस्थापक सदस्य अमिताभ दुबे ने बताया कि स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों समेत तमाम लोगों को बिजली खंभे के आधार पर नंबर बांटा गया था। दुर्गा मंदिर में एक से लेकर 85 पोल तक हर खंभे में नंबर लगाया गया था। एक से दूसरे पोल के बीच 25 स्कूली विद्यार्थियों को खड़ा कराया गया था। उन्होंने कहा कि मानव शृंखला दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर श्याम टाकीज होते हुए नेहरू नगर चौक तक बनाई गई। इसका संचालन बूढ़ातालाब स्थित धरना स्थल से किया जा रहा था। इसके लिए 13 खंभों पर लाउड स्पीकर लगाया गया था, ताकि सभी लोगों तक आवाज पहुंच सके।

## ड्राइंग से किया जागरूक

स्कूली बच्चे हाथों में तख्ती लिए थे, जिनमें पर्यावरण संरक्षण पर आधारित स्लोगन लिखे हुए थे। वहीं ड्राइंग के माध्यम से बच्चों ने जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद दुबे, मोहन वाल्यानी, सुभाष साहू, लीना वाढेर, रात्री लहरी, हितेश दीवान, जयप्रकाश जलक्षत्री समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियाँ

भास्कर 10/11/19

रायपुर, रविवार 10 नवंबर, 2019 . 19

## 30 स्कूल और 15 कॉलेज के स्टूडेंट्स ने जल-तालाब बचाने बनाई मानव श्रृंखला



सिटी रिपोर्टर। ग्रीन आर्मी ने अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। इसके तहत शहर के 30 स्कूल, स्काउट गाइड और 15 कॉलेज के स्टूडेंट्स और बड़ों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल, तालाब संरक्षण का संदेश दिया।

## सरोवर बचाने निकाली जलरथ रैली




रायपुर। शनिवार को ग्रीन आर्मी द्वारा जल संरक्षण व सरोवर को धरोहर के तौर पर प्रमोट करने के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। मानव श्रृंखला में शहर के 30 स्कूलों व 15 कॉलेज के छात्रों के साथ ग्रीन आर्मी के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया और बूढ़ातालाब क्षेत्र में 15 मिनट तक मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इसके तहत 3 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस मानव श्रृंखला से पूरे बूढ़ातालाब को घेरा गया और सरोवर हमारे लिए एक धरोहर है का संदेश दिया गया। मानव श्रृंखला निर्माण के बाद ग्रीन आर्मी के सदस्यों व स्टूडेंट्स द्वारा जल संरक्षण का संदेश देते हुए जलरथ रैली निकाली गई। अतिथि के तौर पर महापौर प्रमोद दुबे पहुंचे और उन्हें ग्रीन रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था के मोहन वर्ल्यानी, अमिताभ दुबे, लीना वाढेर, जयप्रकाश जलक्षत्री, शशीकांत यदु, आकाश कुशवाहा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नई दुनिया - 30/08/19

**विधिक शिविर** छात्राओं को मिली कानूनी अधिकार की जानकारी

## 'अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करें'

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

कालीबाड़ी स्थित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में गुरुवार को फीट इंडिया एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सेक्रेटरी उमेश उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संचालक डॉक्टर सीमा चंद्राकर ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कानूनी अधिकारों के संबंध में जागरूक करना था। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सेक्रेटरी उमेश उपाध्याय ने प्राध्यापकों और छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला शक्ति के बारे में जानकारी दी। वे कहते हैं कि महिलाएं अपने अधिकार और शक्ति का प्रयोग सकारात्मक रूप से करें। इसी के साथ उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकार की जानकारी दी। इसके अलावा महिलाओं को अपने अधिकार का इस्तेमाल किस तरह से करना चाहिए।



गुरुकुल कॉलेज में आयोजित विधिक शिविर में मौजूद छात्राएं और अन्य।

### पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का कॉलेज में प्रसारण किया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फीट इंडिया के तहत देश वासियों को संबोधित कर रहे थे। इसे कॉलेज में छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

इसी के साथ महिलाओं से संबंधित कई क्राइम केस के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संध्या गुप्ता, सुनीता चंसौरिया, कार्यक्रम की संचालन डॉक्टर सीमा चंद्राकर, प्रोफेसर शांति लहरी, अणिका दुबे, देव श्री वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहीं।

नवभारत 28/09/19

अंतरराष्ट्रीय क्लाइमेट स्ट्राइक के तहत पृथ्वी बचाओ मार्च

# पर्यावरण को बचाने सड़कों पर उतरे सैकड़ों









■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

ग्लोबल वार्मिंग की समस्या तेजी से बढ़ रही है. तप रही पृथ्वी को बचाना बेहद जरूरी हो गया है. इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को लीड फॉउंडेशन की ओर से ग्रेटा थनबर्ग की पृथ्वी बचाओ मुहिम के अंतर्गत आनन्द नगर चौक से तेलीबांधा तालाब तक पृथ्वी बचाओ मार्च किया गया. उनके हाथ पर्यावरण को बचाने संदेश वाली तख्तियां थी.

लीड फॉउंडेशन की अन्यतम शुक्ला एवं कारवां छत्तीसगढ़ की सृष्टि द्विवेदी ने बताया कि इसमें छत्तीसगढ़ कि अनेक संगठन व स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए. इनमें लीड फॉउंडेशन के साथ के साथ क्लाइमेट एक्शन टीम दुर्गा कालेज, गो- ग्रीन हसदेव-अरण्य बचाओ समिति, नदी-घाटी मोर्चा, छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ आदि शामिल थे.

इस मार्च में दुर्गा कालेज की हर्षिता तिवारी, इशिता अग्रवाल, कथाकार से सौरभ आचार्य, अग्निशिखा मंच से अनिता झा, शुभ्रा ठाकुर, रचना झा, सोसायटी फॉर पालिसी रिसर्च से उमाप्रकाश ओझा, जीवेश चौबे, अधीर भगवानानी, छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ से संकेत ठाकुर, ग्रीन आर्मी से किशन साहू, इशिता शिर्के आदि ने हिस्सा लिया. हसदेव-अरण्य बचाओ समिति, कोरबा से आये कार्यकर्ताओं वेद, विपाशा पाल आदि ने कोयला खदानों को निरस्त करने की मांग करते हुए रैली में हिस्सा लिया. तेलीबांधा में रैली के पश्चात सभी ने आधे घंटे तक धरना दिया.

ग्रेटा थनबर्ग ने स्वीडिश पार्लियामेंट के बाहर अकेले ही पर्यावरण बचाने एवं तेजी से हो रहे प्रकृति के विनाश के खिलाफ धरना दिया था. 15 वर्षीय बच्ची के पर्यावरण संरक्षण के लिए जिद करो दुनिया बदलो की वजह से फ्राइडे फॉर फ्यूचर मूवमेंट आज विश्व के 139 देशों में फैल गई है. इसी के तहत दुनियाभर के 39 देशों में पृथ्वी को बचाने क्लाइमेंट स्ट्राइक के तहत 20 से 27 सितम्बर तक रैलियां निकाली गई. पूरी दुनिया के लोगों से ग्रेटा थनबर्ग ने दुनिया को वापस प्राकृतिक तौर पर बेहतर बनाने के लिए और अपने आने वाले भविष्य को बचाने के लिए सड़कों पर उतरने की अपील की थी. ग्रेटा ने कहा था कि नष्ट होती प्रकृति को बचाने की शुरुआत अभी से ही करने

---

दैनिक भास्कर 22/08/2019

# स्ट्रीट प्ले से दिया मैसेज- एन्वायरमेंट के लिए खतरा है प्लास्टिक, बंद करें इस्तेमाल



रायपुर | गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज में नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) और ईको क्लब ने सेव नेचर की दिशा में अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। यहां स्टूडेंट्स ने स्ट्रीट प्ले के जरिए लोगों को प्लांटेशन की इम्पॉर्टेंस समझाई और प्लास्टिक के खतरे से अवेयर किया। उन्होंने बताया कि एन्वायरमेंट के लिए प्लास्टिक खतरा है। इसका इस्तेमाल बंद करना होगा। इस दौरान फैकल्टी और स्टूडेंट्स कॉलेज कैंपस में पौधरोपण भी किया। स्टूडेंट्स को ढाई सौ पौधे भी बांटे गए। पूर्णिमा वर्मा और श्रेया की टीम ने स्ट्रीट प्ले में बताया कि जंगलों की कटाई और जागरूकता की कमी के चलते पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। बेहतर कल के लिए हमें आज अवेयर होना होगा। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली। यहां कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी, डॉ. सीमा साहू, मनीषा कटारिया, देव वर्मा, अंशिका दुबे सहित

---

पत्रिका 28/08/19

# पौधे बांटकर महत्त्व बताया

राष्ट्रीय सेवा योजना व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज कालीबाड़ी में सद्भावना दिवस पर पौधरोपण, ग्रीन डे और पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। शुरुआत कॉलेज कैंपस में ढाई सौ पौधे वितरण करके की गई ताकि छात्राएं अपने आसपास के परिसर को भी हरा-भरा बना सके। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक भी किया जिसमें पूर्णिमा वमा और श्रेया की टीम ने हरियाली के लिए जागरूक किया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली । कार्यक्रम अधिकारी रात्रि लहरी, डॉक्टर सीमा साहू, मनीषा कटारिया, देवजी वर्मा, सना ख़ाकसार, अंशिका दुबे का सहयोग रहा।



# स्वागत समारोह

नईदुनिया 30/8/19

## सीनियर्स के संग जमकर थिरकीं जूनियर्स

### हाई बीट्स पर म्यूजिक के साथ गुरुकुल कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



गुरुकुल कॉलेज की वेलकम पार्टी में थिरकती छात्राएं।

**गुरुकुल महाविद्यालय में स्वागत समारोह**

## कॉलेज के प्रथम दिन से लेकर अंतिम पल तक, नृत्य में समेटा हर लम्हा

गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए वेलकम पार्टी आयोजित की गई। यहां छात्राओं ने रैम्प वॉक कर जलवे बिखेरे वही पारंपरिक और वेस्टर्न परिधान में डांस किया।



रायपुर। आकांक्षा व मृदुनिशा ने अपनी प्रस्तुति में कॉलेज में प्रवेश से अंतिम दिन के सफर को डांस के माध्यम से प्रस्तुत किया। यशोदा बाघ के रीमिक्स गानों की प्रस्तुति ने सीनियर्स को झूमने पर मजबूर कर दिया। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य संध्या गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा, कॉलेज में विद्यार्थी का अनुशासन उसका परिचय होता है। सकारात्मक सोच से आगे बढ़ें।

### गेम में दिखाया दम

फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने गेम का लुत्फ उठाते हुए अपनी प्रतिभा दिखाने का प्रयास किया। यहां बलून गेम, कुर्सी दौड़ व अन्य गेम में दमदारी दिखाई। वहीं कैटवॉक करते हुए छात्राओं ने डांस किया। इस दौरान बॉलीवुड सांग पर छात्राओं ने नृत्य कर समा बांध दिया। ओ साकी साकी.., याद करके.., दम

### लिसा बनी फ्रेशर

सभी गतिविधि में बेहतर करने वाली लिसा साहू को मिस फ्रेशर चुना गया। ओशिन साहू ने मिस प्रिंसेस व प्रियंका केवट ने मिस गुरुकुल का खिताब अपने नाम किया। प्रथम वर्ष की [illegible] सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

दैनिक भास्कर 30/8/19

## प्रियंका को मिला मिस गुरुकुल का खिताब



रायपुर | गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज ने फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स के लिए रंग मंदिर में सेलिब्रेशन रखा। यहां स्टूडेंट्स ने बैलून डांस, बैलून पंचिंग, फास्ट डांस इन स्लो सॉन्ग जैसी एक्टिविटी में हिस्सा लिया। रेड, व्हाइट और ब्लैक ड्रेसकोड में फैशन शो भी हुआ इसमें कैटवॉक, क्वेश्चन-आंसर जैसे राउंड में बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले स्टूडेंट्स को विनर चुना गया। मिस गुरुकुल का टाइटल प्रियंका केवट को मिला। मिस फ्रेशर लीसा साहू और मिस प्रिंसेज ओशिन साहू बनीं। यशोदा ने रीमिक्स सॉन्ग पर डांस और दुर्गा साहू ने सिंगिंग परफॉर्मेंस दी।

दैनिक भास्कर 30/08/19

## शिक्षक दिवस

नवभारत शिक्षक दिवस 6/9/19

# गुरुकुल में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच मना शिक्षक दिवस





■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

**रंगारंग प्रस्तुतियों से गुरुजनों का आभार माना**

**इस मौके पर छात्राओं ने गुरुजनों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. साथ ही उनके प्रति आभार - सम्मान को मंच के माध्यम से व्यक्त किया. इसमें नृत्य और गीत- संगीत प्रस्तुत किए गए. कुछ रीमिक्स डांस भी प्रस्तुत किए गए.**

गुरुकुल महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया. छात्राओं ने शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं नारियल देकर सम्मानित किया. छात्राओं ने शिक्षकों से पहेलियां पूछी, जिसका उत्तर शिक्षकों ने आसानी से दिए.

कार्यक्रम में समाज में शिक्षकों की भूमिका पर फोकस करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता बताया गया. गुरजनों ने अपने उद्बोधन में गुरु- शिष्य के बीच संबंधों को महान बताते हुए कहा कि गुरु हमेशा अपने शिष्यों को शिखर पर पहुंचते देखना चाहता है. साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी करता है.

### कई गेम्स भी खिलाये

इस मौके पर छात्राओं ने शिक्षकों के लिए कुछ गेम रखे, जैसे बलून गेम, थर्माकोल की बॉल को सुई में पिरोना आदि. बलून गेम के विजेता डॉ. राजेश अग्रवाल एवं वैभव सिंह ठाकुर रहे. थर्माकोल के बॉल गेम में विजेता डॉ. सीमा साहू रही. सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को स्टेज पर बुलाकर उनके विशिष्ट अंदाज को बताते हुए विशिष्ट नाम देकर भेंट स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता, प्राध्यापक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे.



**छत्तीसगढ़ी- पंजाबी गानों पर डांस कर बांधा समां**

# हिन्दी दिवस

पॉजीटिव इं

RNI:CHHBIL/2012/47012 | www.positiveindia.net.in | रायपुर | सोमवार 14.08.2017 |

## GURUKUL MAHILA MAHAVIDYALAYA CELEBRATES NATIONAL LIBRARY DAY



Positive India: Gurukul Mahila Mahavidyalaya organised and celebrated National Library Day on 12th August. The program was graced by V.K.Baheti as Chief Guest. He told the girls students of the college about the best use of library to increase their knowledge. Librarian of Mats University Anil Dewangan deliberated upon copy right act. He told the students about the importance of Google search engine. Students can utilize Google Guru in best possible manner only if they will approach Google through books available in the library. On this occasion, essay competition was held in both Hindi and English medium. In English , Mansi Raj from Science stream was the winner ... She was given the first prize. Shaima Farhat was the first runner up and Rajeshwari Sahu was the second runner up. In Hindi medium, Kajal Dubey was the winner and she was given the first prize. Chanchal Jha was the first runner up and Arti Sahu was declared as the second runner up. In this National Library Day celebration program, the director of Gurukul Mahila Mahavidyalaya B.D.Diwedi, its principal Dr. Sandhya Gupta, all teaching staff and students were present and celebrated this occasion.

## हिंदी का बदला स्वरूप विषय पर भाषण देकर शीतल ने जीती प्रतियोगिता



गुरुकुल कन्या महाविद्यालय में हिंदी का बदलता स्वरूप... विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम में 40 छात्रों ने अपनी बात रखी। यहां गर्ल्स कॉलेज की डॉ. कल्पना मिश्रा ने छात्राओं को सलाह दी कि हिंदी के सही उच्चारण और सही व्याकरण के लिए हिंदी की पत्र-पत्रिकाएं पढ़ें। प्रतियोगिता में शीतल मिश्रा प्रथम, मोनिका सैनी द्वितीय और सुरेखा तृतीय रहीं। इस दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी हुई। इसके विजेताओं को पुरस्कार के रूप में साल भर ग्रंथालय द्वारा पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें दी जाएंगी। कार्यक्रम में संस्थान की डॉ सीमा चंद्राकर, रात्रि लहरी व अन्य मौजूद रहे।

पॉजीटिव इ

RNI:CHHBIL/2012/47012 | www.positiveindia.net.in | रायपुर | सोमवार 14.08.2017 |

GURUKUL MAHILA MAHAVIDYALAYA CELEBRATES NATIONAL LIBRARY DAY



Positive India: Gurukul Mahila Mahavidyalaya organised and celebrated National Library Day on 12th August. The program was graced by V.K.Baheti as Chief Guest. He told the girls students of the college about the best use of library to increase their knowledge. Librarian of Mats University Anil Dewangan deliberated upon copy right act. He told the students about the importance of Google search engine. Students can utilize Google Guru in best possible manner only if they will approach Google through books available in the library. On this occasion, essay competition was held in both Hindi and English medium. In English , Mansi Raj from Science stream was the winner ... She was given the first prize. Shaima Farhat was the first runner up and Rajeshwari Sahu was the second runner up. In Hindi medium, Kajal Dubey was the winner and she was given the first prize. Chanchal Jha was the first runner up and Arti Sahu was declared as the second runner up. In this National Library Day celebration program, the director of Gurukul Mahila Mahavidyalaya B.D.Diwedi, its principal Dr. Sandhya Gupta, all teaching staff and students were present and celebrated this occasion.

# वेस्ट चीजों से बनाई क्रिएटिव साइकिल, वॉल हैंगिंग और फ्लावर पॉट



रायपुर ● पेपर से डेकोरेटिव साइकिल, फोटो फ्रेम विथ पेन स्टैंड, वॉल हैंगिंग, फ्लावर पॉट, पर्स, टेबल लैंप। ये सारी चीजें गुरुकुल कॉलेज में वेस्ट चीजों से बनाई गई जिसे देखकर निर्णायक रत्ना शर्मा ने खुशी जताई।

उन्होंने कहा कि गर्ल्स की खासियत होती है कि वह हर चीज से अच्छाई को शो करती हैं। रत्ना रिटायर्ड वेस्टर्न रेलवे सीनियर सुपरवाइजर कंप्यूटर रिजर्वेशन रेलवे रही हैं। प्रतियोगिता के प्रभारी प्राध्यापक कविता सिलवाल, रात्रि लहरी, टीनू दुबे, अंजलि देवांगन होंगे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम टिकेश्वर साहू रहे। उन्होंने टेबल लैंप बनाया। दूसरे स्थान पर क्रिएटिव साइकिल बनाकर वैष्णवी विश्वकर्मा रहीं। थर्ड मुस्कान यादव रहीं। इन्होंने वॉल हैंगिंग बनाई। सोमवार को रंग मंदिर में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

पत्रिका 8/12/17

# पेपर से बनाए फोटोफ्रेम, पेन स्टैंड जैसे कई डेकोरेटिव्स

सिटी रिपोर्टर . रायपुर

गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। यहां स्टूडेंट्स ने वेस्ट मटेरियल से डेकोरेटिव आइटम्स तैयार। पेपर से डेकोरेटिव सायकल, फोटोफ्रेम, पेन स्टैंड, वॉल हैंगिंग, फ्लावर पॉट, पर्स, टेबल लैंप जैसे कई डिजाइन बनाए। जजेस रत्ना शर्मा रहीं। कॉम्पिटीशन में फर्स्ट टिकेश्वर साहू, सेकंड वैष्णवी विश्वकर्मा और थर्ड मुस्कान यादव रहे। यहां कविता सिलवाल, रात्रि लहरे, टीनू दुबे, अंजली देवांगन सहित अन्य मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर 8/12/17

23/01/2020 नईदुनिया

नाटक ● जयस्तंभ चौक और रविवि के गेट के सामने मंचन, मुंबई के मंजुल भारद्वाज सिखा रहे गुर

# गांवों में संदेश देने के पहले चौराहों पर नुक्कड़ नाटक

रायपुर( नईदुनिया प्रतिनिधि)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षक हॉस्टल के सेमिनार हॉल में तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने जयस्तंभ चौक और रविवि के गेट के सामने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। कुल तीन कहानियों पर नाटक को प्रस्तुत किया गया। नाटक सामाजिक मुद्दों पर, लिंग चयन और एसिड अटैक प्रस्तुत किया। दोनों जगह राहगीरों ने सड़क किनारे खड़े होकर नाटक को देखा।

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षक मुंबई से आए रंग चिंतक मंजुल भारद्वाज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को रंगमंच की बारीकियां बताई। राजधानी के गुरुकुल कॉलेज, दुर्गा कॉलेज, डिग्री गर्ल्स कॉलेज और महासमुंद, बलौदाबाजार के कॉलेज के छात्र-छात्राएं इसमें हिस्सा ले रहे हैं। 12 लोगों के ग्रुप में तीन कहानी प्रस्तुत की जाती है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है गांवों में सामाजिक जागरूकता संदेश देना है। गांवों में संदेश देने के पहले राजधानी के चौराहों पर प्रदर्शन किया जा रहा है।



जयस्तंभ चौक में कॉलेज छात्र-छात्राएं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करते हुए। ● नईदुनिया

### सामाजिक बदलाव के लिए रंगमंच जरूरी

मुंबई से आए रंग-चिंतक मंजुल भारद्वाज ने कहा कि आज सामाजिक बदलाव के लिए रंगमंच जरूरी है, क्योंकि नाटक को समाज के सभी वर्ग समझ सकते है। यह एक मनोरंजन की तरह होता है। इसमें मनोरंजन के साथ कई तरह के संदेश दिए जा सकते है। उन्होंने नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राएं को अलग-अलग आयामों के बारे में बताया, गलतियों को दूर किया। इस अवसर प्रो. नीता बाजपेयी, प्रो. रात्रि लहरे आदि उपस्थित थे।

### अन्य जिले के कॉलेज स्टूडेंट्स शामिल

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरूकता लाना है इसलिए कई कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से गांवों में जाकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक में कुल 35 लोगों की टीम है। इसमें राजधानी के चार कॉलेजों के साथ महासमुंद और बलौदाबाजार कॉलेज के विद्यार्थी शामिल है।

| 06 | 35 | 12 | 03 |
|---|---|---|---|
| कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल | लोगों ने लिया हिस्सा | लोगों के ग्रुप में बांटा | कहानी पर नुक्कड़ नाटक |

### पहला नाटक : सामाजिक मुद्दों पर

इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राएं संदेश देते है कि आज समाज में बेटी की कितनी सुरक्षित है। इसमें बताया जाता है कि जब बेटी की किसी घर के बहू बन कर जाती है तो कई घरों में किस तरह से उनके साथ बर्ताव किया जाता है। कभी बेटी को दहेज के नाम पर परेशान किया जाता है तो कभी किसी काम को लेकर तकलीफ दी जाती है। नाटक में 12 छात्र-छात्राओं का ग्रुप लोगों को जागरूक करने का प्रयास करता है। वहीं नाटक के माध्यम से संदेश देते है आज बेटी और बेटा एक सामान है।

### दूसरा नाटक : लिंग चयन

इस नाटक का तात्पर्य है कि आज सामाज मे किसी लड़के-लड़की के प्रेम-प्रसंग की बात चर्चा का विषय होती है। बताया गया कि आज कई समाज और परिवार मे प्रेम-प्रसंग में शादी करने के बाद लड़का-लड़की को अलग कर देते है। लड़का अपनी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। एक दिन दोनों के बीच मारपीट होने लगती है। अंतत: शादी टूटने के कगार पर पहुंच जाती है। नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने बताया कि शादी करने पर किसी को तकलीफ नहीं देनी चाहिए। क्योंकि इसका परिणाम एक जोड़े का टूटने जैसा है।

### तीसरा नाटक : एसिड अटैक

इस नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राएं संदेश देते हैं कि आज समाज में शिक्षा का महत्व क्या है। आज अनपढ़ इंसान को हर कोई मूर्ख बना सकता है। एसिड अटैक नाटक में बताया कि इसमें आज हर इंसान को शिक्षित होना जरूरी है। क्योंकि आज हर इंसान को संविधान में मिले अधिकारों के बारे जागरूक होना है। शिक्षा के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते। नाटक में यह भी बताया कि अशिक्षित होने के कारण आज समाज में चोरी, मारपीट, अपराध की घटना ज्यादातर सामने आती है। इसको लेकर गांव में जागरूकता फैलने के लिए 12 लोगों का ग्रुप बनाया गया है।

# नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति

रायपुर ● राष्ट्रीय सेवा योजना पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एनएसएस के छात्रों के लिए 3 दिन से नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन छात्रों द्वारा जय स्तंभ चौक पर विभिन्न विषयों को लेकर प्रस्तुति की गई। कुलपति केएल वर्मा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सामने छात्रों ने प्रस्तुति दी। 23 जनवरी को समापन समारोह का कार्यर म शाम 4.30 बजे से विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित है।



पत्रिका 23/01/20

24/01/2020 - नईदुनिया

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र उर्जावान होते हैं : कुलपति

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में 35 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र ऊर्जावान होते हैं। कार्यक्रम में जॉब जानकारियां, चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस छत्तीसगढ़ ने कहा कि एनएसएस और यूनिसेफ की यह पार्टनर शिप समाज में अच्छे बदलाव के संकेत हैं। इस नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण द्वारा बच्चों के स्किल में डेवलपमेंट होगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना 2019–20
## सात दिवसीय विशेष शिविर
## दिनांक 24,11,2019 से 30.11.2019
## ग्राम –पुरैना, रायपुर

उद्घाटन समारोह – दिनांक 24.11.2019






दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
गुरुकुल महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
नरवा, गरवा, घुरवा, बारी
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
महाविद्यालय, काली बाड़ी, रायपुर (छ.ग.)
48/186
निर्वाचन- 2018

# प्रभात फेरी


राष्ट्रीय सेवा
गुरुकुल महिला
कालीबाड़ी रोड,


राष्ट्रीय सेवा योजना
दुर्गा महाविद्यालय
रायपुर (छत्तीसगढ़)
स्वच्छता
राष्ट्रीय सेवा
गुरुकुल महिला
कालीबाड़ी। रोड,

# योगा एवं जुम्बा












जनगणमन
भारत - भाग्य
पंजाब, सिन्धु, गुजरात
द्राविड़, उत्कल,
विंध्य, हिमाचल,
उच्छल - जलधि
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष
गाहे तव जयगाथा
जनगणमंगल दायक
भारत - भाग्य
जय हे। जय हे। जय हे।
जय जय जय

# परियोजना कार्य











हम सब का एक ही
साफ सुथरा हो हाथ
राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरूकुल महिला महाविद्यालय
कालीबाड़ी रोड,

# सांस्कृतिक कार्यक्रम




नरवा, गरवा, घुरवा, बारी
48
186
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
बेटी
बेटी



# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

दंत / सिकलसेल / नेत्र परीक्षण








राष्ट्रीय सेवा योजना
गुरुकुल महिला महाविद्यालय

## बौद्धिक परिचर्चा

संविधान दिवस
वक्ता– श्री उमेश उपाध्याय, सिविल जज






प्रफुल्ल दुबे – अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रायपुर





ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया,

**वक्ता–अमिताभ दूबे, आशिष शर्मा**
**पर्यावरण संबंधी जागरूकता**







**रंगोली आर्टिस्ट – प्रमोद साहू**




राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
नरवा, गरवा, घुरवा, बारी
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
गुरुकुल महिला महाविद्यालय, काली बाड़ी, रायपुर (छ.ग.)

## समापन

### कार्टून आर्टिस्ट– त्रम्ब्येक शर्मा (अथिति)

